**Series : RKM/1**

Code No. / कोड नं. **37/1**

Roll No. / रोल नं. | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **28** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **28** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# HOME SCIENCE
# (Theory)
# गृह विज्ञान
# (सैद्धान्तिक)

*Time allowed : 3 Hours ]* *[ Maximum Marks: 75*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 75*

**1.** At what age a child is able to : **1**

(a) crawl

(b) climb stairs using knees

किस आयु में बच्चा यह कर सकता है :

(क) सरकना

(ख) घुटनों के बल सीढ़ियाँ चढ़ना

**2.** Madhu is pale and gets tired very soon. Name the deficiency disease she may be suffering from and name a good food she should take. **1**

मधु का शरीर पीला पड़ गया है और वह बहुत जल्दी थक जाती है। वह पोषक तत्त्व की कमी के किस रोग से ग्रस्त हो सकती है और उसे कौन-सा खाद्य लेना चाहिए ?

**3.** List two community resources. **1**

दो सामुदायिक संसाधनों की सूची बनाइए।

**4.** Mention two sources of indirect income. **1**

अप्रत्यक्ष आय के दो साधन लिखिए।

**5.** What do the following signs on the label of your readymade shirt stand for ? **1**

(a) 

(b) 

सिली-सिलाई कमीज के लेबल पर बने चिह्न क्या दर्शाते हैं ?

(क) 

(ख) 

**6.** When and why do we use blue during laundry ? **1**

धुलाई करते समय नील का प्रयोग कब और क्यों किया जाता है ?

**7.** What do you understand by social development of a child ? **2**

बच्चे के सामाजिक विकास से आप क्या समझते हैं ?

**8.** Explain, with the help of examples, how a one year old child expresses his anger. **2**

उदाहरण देकर समझाइए कि एक वर्ष का बालक अपने गुस्से का प्रदर्शन किस प्रकार करता है।

**9.** What will be the reactions of a 1½ year old child when you take away his toy, while playing, and hide it under a pillow ? Match his behaviour with the stage of development he is passing through. **2**

जब कोई 1½ वर्ष का बच्चा खेल रहा हो और आप उससे खिलौना लेकर तकिए के नीचे छिपा दें तो उसकी क्या प्रतिक्रिया होंगी ? उसके इस व्यवहार का मिलान उसके विकास की अवस्था से कीजिए।

**10.** Mention four important points one should keep in mind while selecting toys for a two year old child. **2**

दो वर्ष के बच्चे के लिए खिलौना चुनते समय ध्यान में रखने की चार प्रमुख बातों का उल्लेख कीजिए।

**11.** Mention two food groups rich in proteins. Name one protein-rich food from each group. **2**

अधिक प्रोटीन वाले दो खाद्य वर्गों के नाम लिखिए। प्रत्येक वर्ग से अधिक प्रोटीन वाले एक-एक खाद्य का नाम भी लिखिए।

**12.** Give two precautions each for buying and storage of pulses. **2**

दालें खरीदने और उनके भंडारण के लिए दो-दो सावधानियों का उल्लेख कीजिए।

**13.** List four reasons for saving money. **2**

धन की बचत करने के चार कारण बताइए।

**14.** Give four benefits of advertisement as an aid to consumers. **2**

उपभोक्ता सहायक के रूप में विज्ञापनों के चार लाभ लिखिए।

**15.** Differentiate between growth and development. **3**

वृद्धि और विकास में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**16.** Present three arguments along with suitable examples to establish the role of play on physical development of a child. **3**

बच्चों के शारीरिक विकास में खेल की भूमिका उपयुक्त उदाहरण सहित तीन तर्क देकर बताइये।

**17.** Give four reasons to include vitamin-C rich food in our daily meals. Name two good sources of vitamin-C. **3**

अपने नित्य के भोजन में विटामिन-सी युक्त खाद्य सम्मिलित करने के चार कारण लिखिए और विटामिन-सी के दो अच्छे स्रोतों को भी बताइये।

**18.** Write four advantages of sprouting pulses. How should it be prepared for eating ? **3**

दालों का अंकुरण करने के चार लाभ लिखिए। इसे खाने के लिए कैसे तैयार किया जाना चाहिए ?

**19.** Suggest two schemes of investment to your sister who wants to avail rebate on income tax. Explain two more benefits of each of the suggested schemes. **3**

आयकर में छूट चाहने वाली अपनी बहन को निवेश की दो योजनाएँ सुझाइए। इन योजनाओं के दो-दो अन्य लाभ भी लिखिए।

**20.** Explain the duties of a consumer to prevent the use of faulty weights and measures by the shopkeepers. **4**

दुकानदारों के द्वारा नाप-तौल के दोषयुक्त उपकरणों के प्रयोग को रोकने के लिए उपभोक्ता के कर्त्तव्यों पर प्रकाश डालिए।

**21.** Discuss in detail the influence of TV on the development of a three year old child. **4**

तीन वर्षीय बालक के विकास पर टी.वी. के प्रभाव की विस्तार से चर्चा कीजिए।

**22.** Explain the effect of age and also the likes and dislikes of the members of a family on the planning of meals. **4**

आहार आयोजन पर परिवार के सदस्यों की आयु तथा उनकी रुचियों एवं अरुचियों का प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

**23.** Explain with examples, the need to follow the rules of personal hygiene while cooking food. **4**

खाना बनाते समय व्यक्तिगत स्वच्छता के नियमों के पालन की आवश्यकता को उदाहरण देकर समझाइए।

**24.** Mention four main points you will check while buying a readymade Salwar-Kameez. Also give reasons for your answer. **4**

सिली-सिलाई सलवार-कमीज़ खरीदते समय आप किन चार प्रमुख बातों पर ध्यान देंगे और क्यों? लिखिए।

**25.** How will you remove the following stains from a white cotton bed sheet ?

(a) curry (b) ink **4**

आप सफेद सूती चादन पर से निम्न धब्बे कैसे दूर करेंगे ?

(क) रसेदार सब्जी (ख) स्याही

**26.** Suggest four points to be kept in mind while storing cotton sarees. Give reasons for your suggestions. **4**

सूती साड़ियों की सँभाल करते समय आप किन चार बातों का ध्यान रखेंगे ? अपने सुझावों के कारण भी बताइए।

**27.** Write, in sequence, the steps of washing and finishing of silk sari. **5**

रेशमी (सिल्क की) साड़ी को धोने और उसे परिसज्जित करने की विधि क्रम से लिखिए।

**28.** Name two sources of energy and write two characteristics of energy as a resource. Mention four points you will keep in mind to prevent wastage of energy in your kitchen. **5**

ऊर्जा के दो साधनों का नाम लिखिये तथा संसाधन के रूप में ऊर्जा की दो विशेषताएँ भी बताइये। अपने रसोईघर में ऊर्जा को व्यर्थ होने से बचाने के चार उपाय लिखिए।